RNI NO. : 52419/91

# चाणक्य भूमि

हिन्दी दैनिक

• वर्ष : 32 • अंक : 97 • 19:04:2024 • शुक्रवार • मूल्य : 5/-

## 21 राज्यों की 102 लोकसभा सीटों पर वोटिंग आज

● 2019 में भाजपा 40, डीएमके 24

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** 2024 लोकसभा चुनाव के फर्स्ट फेज में शुक्रवार यानी 19 अप्रैल को 21 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 102 सीटों पर वोटिंग होगी। 2019 में इन सीटों पर सबसे ज्यादा भाजपा ने 40, डीएमके ने 24, कांग्रेस ने 15 सीटें जीती थीं। अन्य को 23 सीटें मिली थीं। चुनाव आयोग के मुताबिक,



इलेक्शन के पहले फेज में कुल 1,625 कैंडिडेट्स मैदान में हैं, जिनमें 1,491 पुरुष और 134 महिला उम्मीदवार हैं। इनमें महिलाएं केवल 8 फीसदी हैं। एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म (एडीआर) ने 1,618 उम्मीदवारों के हलफनामे में दी गई जानकारी पर एक रिपोर्ट तैयार की। इनमें से 16 फीसदी यानी 252 उम्मीदवार पर क्रिमिनल केस दर्ज हैं। वहीं, 450 यानी 28 फीसदी उम्मीदवार करोड़पति हैं। इनके पास एक करोड़ या उससे ज्यादा की संपत्ति है। 10 ने अपनी संपत्ति शून्य बताई है, जबकि तीन के पास 300 से 500 रुपए की संपत्ति है।

## ईरान के कब्जे वाले जहाज से भारत लौटी इकलौती क्रू

● अभी भी 16 भारतीय शिप पर मौजूद

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ईरान ने ओमान की खाड़ी से जब्त किए शिप पर मौजूद भारतीय डेक कैडेट एन टेसा जोसेफ को रिहा कर दिया। गुरुवार को एन टेसा जोसेफ केरल के कोचीन एयरपोर्ट उतरीं। उनका यहां रीजनल पासपोर्ट अधिकारी ने स्वागत किया। जोसेफ की वतन वापसी पर विदेश मंत्री एस जयशंकर ने खुशी जताई है। उन्होंने ङ्ग पर लिखा, शानदार




काम इंडियन एम्बेसी, खुशी है कि एन टेसा जोसेफ घर पहुंच गई हैं। मोदी की गारंटी देश या विदेश हमेशा सभी जगह काम करती है। दरअसल, इजराइल पर हमले से पहले ईरान ने भारत आ रहे पुर्तगाल के झंडे वाले एक जहाज को ओमान की खाड़ी में होर्मुज पास से जब्त किया था। इसकी जानकारी 13 अप्रैल को दी गई थी। इस पर 25 क्रू मेंबर मौजूद थे जिनमें 17 भारतीय और दो पाकिस्तानी थे।

## ब्राउन टीले हटाने से दुबई में बाढ़ हरे धब्बे बने काल

• सऊदी में भी खतरा, जीरोफाइट्स और जीरोकोल्स का बिगड़ा बैलेंस

### क्लाउड सीडिंग या क्लाइमेट चेंज बन रहा खाड़ी देशों के लिए खतरा

**दुबई (एजेंसी)।** संयुक्त अरब अमीरात का चकाचौंध वाला शहर दुबई इन दिनों में बाढ़ और बारिश से दुबका पड़ा है। रास्तों पर पानी भरा पड़ा है और गली-मोहल्ले और आलीशान टॉवर सब भीगे पड़े हैं। यहां पर 24 घंटे से ज्यादा लगातार बारिश ने सबका जीना मुहाल कर दिया है। ऐसे रेगिस्तानी इलाके में बाढ़ जैसे हालात पैदा होना पूरी दुनिया के लिए अनोखी बात है। कोई इसे आर्टिफिशियल रेनफॉल का नतीजा मान रहा है, जिसे क्लाउड सीडिंग से अंजाम दिया जाता है तो कुछ एक्सपर्ट इसे क्लाइमेट चेंज का नतीजा मान रहे हैं। हर कोई असमंजस में है। दिल्ली यूनिवर्सिटी की जानकी देवी मेमोरियल कॉलेज में एनवायरनमेंटल स्टडी डिपार्टमेंट में





असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. सना रहमान कहती हैं कि दुबई हो या सऊदी अरब इन रेगिस्तानी इलाकों का इको सिस्टम बीते 20 सालों से काफी बिगाड़ दिया गया है। यहां का नेचुरल मौसम शुष्क है, जिसको संतुलित करने के लिए वहां पर कैकटस फैमिली के पेड़-पौधे यानी जीरोफाइट्स और ऊंट-नेवले जैसे सूखे मौसम में रहने वाले जीव यानी जीरोकोल्स रहते हैं। मगर, ऊंची-ऊंची इमारतें बनाने और चकाचौंध मार्केट बनाने व पूरे शहर को कंक्रीट का बनाने के चक्कर में वहां का वातावरण बिगाड़ दिया गया है। ऐसे में वहां पर आर्टिफिशियल बारिश कराई जाती है, जिसे क्लाउड सीडिंग भी कहते हैं। ये इतना ज्यादा हुआ है कि इससे बारिश और बाढ़ के हालात बन जाते हैं।

## रामनवमी पर हिंसा को लेकर ईसी पर भड़कीं सीएम ममता

● कहा-मेरे मना करने के बाद भी दो दिन पहले डीआईजी को हटाया



**कोलकाता (एजेंसी)।** रामनवमी के दिन पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में रैली के दौरान हिंसा को लेकर टीएमसी और बीजेपी में ठन गई है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने गुरुवार को आरोप लगाया कि रामनवमी से दो दिन पहले चुनाव आयोग ने भाजपा के कहने पर मुर्शिदाबाद के डीआईजी को हटाया गया। टीएमसी अध्यक्ष का दावा है कि भाजपा ने हिंसा की योजना बनाई है। ममता ने चुनाव आयोग को भाजपा आयोग कहकर संबोधित किया। उधर, भाजपा ने हिंसा के खिलाफ एनआईए जांच की मांग की है। गुरुवार को ममता बनर्जी ने कहा, हिंसा पूर्व नियोजित थी। परसों (मंगलवार) इसी जगह पर बीजेपी के एक विधायक ने उत्पात मचाया। वह कल रामनवमी रैली में हथियार क्यों ले जा रहे थे। मैं भाजपा आयोग से पूछना चाहती हूं कि रामनवमी से ठीक पहले डीआइजी को क्यों हटाया गया। क्या यह बीजेपी की मदद के लिए किया गया था। चूंकि मुर्शिदाबाद से भाजपा के दो विधायक हैं, इसलिए यह स्पष्ट नहीं हो पाया कि मुख्यमंत्री किसका जिक्र कर रही थीं।

## मां-बाप ने बिहार को बेहाल कर दिया और बेटा गाजा-इजरायल पर ज्ञान दे रहा

● पीके ने तेजस्वी यादव को घेरा, एक टिप्पणी को बनाया अपना चुनावी हथियार

**पटना (एजेंसी)।** बिहार में शुक्रवार को पहले चरण की चार सीटों पर चुनाव होना है। प्रदेश में आरोप प्रत्यारोप का भी दौर जारी है। इस बीच, चर्चित चुनावी रणनीतिकार प्रशांत किशोर ने गुरुवार को राजद नेता तेजस्वी यादव पर जोरदार



निशाना साधा है। उन्होंने साफ़ लहजे में कहा कि तेजस्वी जैसे नेता अगर देश को नई दिशा देने लगेंगे तो देश का वही हाल होगा जैसे लालू-राबड़ी ने बिहार का किया था। उन्होंने कहा कि इससे देश का कोई भला होने वाला नहीं है। इसके बावजूद उन्होंने तेजस्वी यादव को शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि तेजस्वी के पिताजी और माता ने बिहार को दिशाहीन कर दिया। तेजस्वी को तो अपनी जिम्मेदारी समझनी थी।

## 'ईवीएम' में गड़बड़ी की शिकायतों पर ध्यान दें

### आरोपों पर चुनाव आयोग से बोला सुप्रीम कोर्ट

**तिरुअनंतपुरम (एजेंसी)।** केरल में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों में गड़बड़ी और दूसरों का वोट भी भाजपा को ट्रांसफर होने के आरोपों पर सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग को नोटिस भेजा है। शीर्ष अदालत ने आयोग से कहा है कि वह इन शिकायतों पर संज्ञान लें। अर्जियों में आरोप लगाया गया था कि केरल के कासरगोड में मॉक पोलिंग के दौरान ऐसा हुआ था कि हर वोट भाजपा को ही जा रहा था। इस केस की सुनवाई के दौरान जस्टिस दीपांकर दत्ता और जस्टिस संजीव खन्ना ने आयोग



के वकील से कहा कि वह इस पर संज्ञान लें। वीवीपैट को लेकर दाखिल अर्जी पर बेंच ने कहा, केरल के कासरगोड में मॉक पोलिंग हुई थी। 4 ईवीएम और वीवीपैट में भाजपा का एक अतिरिक्त वोट मिला था। मनोरमा में यह रिपोर्ट मिली थी। इस पर बेंच ने चुनाव आयोग के वकील महिंदर सिंह से कहा कि आप इसका संज्ञान लें और एक बार चेक कर लें। दरअसल अदालत में कई अर्जियां दाखिल की गई हैं, जिसमें मांग की गई है कि ईवीएम से पड़ने वाले सारे मतों का वीवीपैट स्लिप से वेरिफिकेशन किया जाए।

## ईडी ने कसा शिकंजा, शिल्पा शेट्टी का फ्लैट किया कुर्क

● राज कुंद्रा का बंगला और शेयर भी शामिल, मनी लॉन्ड्रिंग केस में 97 करोड़ की प्रॉपर्टी अटैच

**मुंबई (एजेंसी)।** प्रवर्तन निदेशालय ने शिल्पा शेट्टी और उनके पति राज कुंद्रा की 97.79 करोड़ की प्रॉपर्टी कुर्क की है। इसमें शिल्पा शेट्टी का जुहू वाला फ्लैट और राज कुंद्रा के नाम पर रजिस्टर्ड बंगला और इक्विटी शेयर शामिल हैं। मामला 2002 के बिटकॉइन पॉन्जी स्कीम घोटाले में मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़ा है। ईडी ने एक्स पर एक पोस्ट के जरिए यह जानकारी दी है। ईडी ने वेरिएबल टेक प्राइवेट लिमिटेड और आरोपी दिवंगत अमित भारद्वाज, अजय भारद्वाज, विवेक भारद्वाज, सिम्पी भारद्वाज, महेंद्र भारद्वाज



और अन्य के खिलाफ महाराष्ट्र पुलिस और दिल्ली पुलिस में दर्ज कई एफआईआर के आधार पर जांच शुरू की थी। जांच एजेंसी का आरोप है कि आरोपियों ने बिटकॉइन के रूप में हर महीने 10 फीसदी रिटर्न के झूठे वादे के साथ लोगों से बिटकॉइन इकट्ठा की थी।

### फर्जी मुठभेड़ है यह...

## पूर्व सीएम बघेल ने दी सबूत पेश करने की बड़ी चुनौती

### अब बीजेपी ने दी हवा, कहा-यह सुरक्षाबलों का अपमान

**रायपुर (एजेंसी)।** छत्तीसगढ़ में माओवादियों के लिए सुरक्षाबल के जवान काल बन गए हैं। लाल आतंक के गढ़ कांकेर में जवानों की बड़ी सफलता मिली है। इसके बाद प्रदेश की राजनीति भी गर्म हो गई है। विपक्षी कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि बस्तर में फर्जी मुठभेड़ों में वृद्धि हुई है और आदिवासी आबादी चिंतित और डरी हुई है। छत्तीसगढ़ के पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने मंगलवार को कांकेर मुठभेड़ के बाद कहा कि फर्जी मुठभेड़ को लेकर आलोचना की। वहीं, बुधवार को बघेल ने



सुरक्षा बलों के साहस की प्रशंसा की और कांकेर ऑपरेशन को बड़ी सफलता बताया। ऐसे में सवाल है कि क्या कांग्रेस लोकसभा चुनाव के बीच मुठभेड़ पर सवाल उठाकर सेल्फ गोल का शिकार तो नहीं हो रही। बघेल ने कहा कि कई फर्जी मुठभेड़ें हुई हैं जो हमारे शासन के दौरान नहीं हुई थीं।

## बच्चों को भगवा कपड़े पहनकर आने से रोका जमकर बवाल

**हैदराबाद (एजेंसी)।** तेलंगाना के एक मिशनरी स्कूल के प्रिंसिपल और अन्य अधिकारियों के खिलाफ पुलिस ने केस दर्ज किया है। आरोप है कि इन्होंने भगवा पहनकर स्कूल आए कुछ बच्चों को रोका था। घटना हैदराबाद से 250 किमी दूर मंचेरियल जिले के कन्नेपल्ली गांव का है। स्कूल का नाम ब्लेस्ड मदर टेरेसा स्कूल है। डंडेपल्ली पुलिस के मुताबिक, छात्रों के पेरेंट्स की शिकायत के आधार पर आईपीसी के सेक्शन 153 (ए) (धर्म और जाति के आधार पर दो समुदायों के बीच दुश्मनी बढ़ाना) और 295 (ए) (धार्मिक भावनाओं को आहत करना) के मामले में केस दर्ज किया गया है। स्कूल प्रबंधन के मुताबिक, मंगलवार को कुछ बच्चे यूनिफॉर्म की जगह भगवा वस्त्र पहनकर आए थे। प्रिंसिपल ने इन बच्चों से भगवा कपड़े पहनकर आने का कारण पूछा। बच्चों ने जवाब दिया कि उन्होंने हनुमान दीक्षा ली है, जिसका उन्हें 21 दिन तक पालन करना है।

## बिहार में मतदान से पहले अब आंबेडकर पर संग्राम

### दलित और यादव समुदाय में झड़प, एक की हत्या

**पटना (एजेंसी)।** लोकसभा चुनाव के पहले चरण के तहत बिहार की चार सीटों पर 19 अप्रैल को मतदान होगा। इस बीच राजधानी पटना से बड़ी खबर सामने आई है।



बुधवार देर रात दानापुर में कथित तौर पर मामूली विवाद के बाद दो जातियों के बीच हुई झड़प के बाद एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई। वहीं तीन अन्य लोग झड़प में घायल भी हुए हैं। हालांकि, पुलिस की ओर से दावा करते हुए कहा गया है कि दलित जाति के लोगों के द्वारा सरकारी जमीन पर आंबेडकरी की मूर्ति लगाई जा रही थी, जिसका यादव जाति के लोगों ने विरोध किया। इसे लेकर दोनों पक्षों बीच तनाव उत्पन्न हो गया। बुधवार की रात दोनों पक्ष आमने सामने आ गए। एक पक्ष की ओर से फायरिंग की गई, जिसमें एक युवक की मौत हो गई। वहीं तीन अन्य लोग घायल भी हुए हैं। घटना के बाद इलाके में तनाव का माहौल है, जिसे देखते हुए भारी संख्या में पुलिस फोर्स की तैनाती की गई है। सिटी एसपी (पश्चिम) अभिनव धीमान ने बताया कि घटना बुधवार देर शाम की है। रात करीब साढ़े नौ बजे पुलिस को यह सूचना मिली।

## मिठाई खाकर तबियत खराब कर रहे केजरीवाल ताकि मिले बेल

● कोर्ट में बोली ईडी, जेल में पूड़ी-आलू, आम और मिठाई खा रहे दिल्ली सीएम



नई दिल्ली (एजेंसी)। तिहाड़ जेल में बंद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की एक याचिका को लेकर दिल्ली के राउज एवेन्यू कोर्ट में सुनवाई हुई है। बताया जा रहा है कि कोर्ट में प्रवर्तन निदेशालय ने अपनी दलीलें देते हुए कहा है कि अरविंद केजरीवाल हेल्थ ग्राउंड पर बेल लेने की कोशिश कर रहे हैं। ईडी ने कहा है कि जेल में अरविंद केजरीवाल पूड़ी-आलू, आम और मिठाई खा रहे हैं ताकि उनका शुगर लेवल बढ़ जाए और वो बेल हासिल कर सकें। यहां आपको बता दें कि अरविंद केजरीवाल ने कुछ दिनों पहले एक याचिका दायर की थी और इस याचिका में उन्होंने गुहार लगाई थी कि वो वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए निरंतर अपने चिकित्सक के संपर्क में रहना चाहते हैं। सीएम केजरीवाल की याचिका पर सुनवाई के बाद ईडी के विशेष वकील जोहेब हुसैन ने कहा, कोर्ट को केजरीवाल का डाइट चार्ट बताया गया है। डाइट चार्ज में आम और मिठाइयां हैं। हमने इसे अदालत को बताया है कि अरविंद केजरीवाल जानबूझ कर मीठा खाना खा रहे हैं जबकि यह किसी भी डायबिटीज के मरीज के लिए ठीक नहीं होता है। वहीं अरविंद केजरीवाल के वकील ने विवेक जैन ने कहा, ईडी ने इसे इसलिए मुद्दा बनाया है ताकि घर का खाना भी उन्हें देने से रोका जा सके। यह उनके स्वास्थ्य से जुड़ा है।

## आरएसएस की शाखा में जाकिर हुसैन को मिला पद

● मुख्तार से रहा कनेक्शन, गैंगस्टर एक्ट में हो चुकी है कुर्की

**गाजीपुर (एजेंसी)।** मुख्तार अंसारी के सहयोगी रहे जाकिर हुसैन उर्फ विक्की को मुस्लिम राष्ट्रीय मंच का पूर्वांचल सहसंयोजक बनाया गया है। यह संस्था राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की एक शाखा है। मंच के राष्ट्रीय संयोजक ने जाकिर हुसैन को पूर्वांचल की जिम्मेदारी सौंपी है। मुख्तार



अंसारी के गैंग से संबंध रखने वाले जाकिर हुसैन की करीब डेढ़ करोड़ की संपत्ति पिछले साल 25 जून को गैंगस्टर के मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने कुर्क की थी। मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के संयोजक ठाकुर राजा रईस ने कहा कि वह उन मुसलमानों को खड़ा करना चाहते हैं जो राष्ट्र के लिए काम करें और देश की मुख्य धारा में शामिल हों। इसलिए गाजीपुर में विक्की उर्फ जाकिर हुसैन को पूर्वांचल क्षेत्र की जिम्मेदारी सहसंयोजक के रूप में दी जा रही है। विक्की संगठन खड़ा करेंगे और जल्द ही एक सम्मेलन भी करेंगे ताकि राष्ट्रीय मुस्लिम मंच का विचार क्या है, इसे लोगों तक पहुंचा सकें। इस दौरान उन्होंने यह भी कहा कि मुसलमानों को सोचना चाहिए कि एपीजे अब्दुल कलाम को राष्ट्रपति बनाया।

## बंगाल में भीषण गर्मी का कहर, स्कूलों में छुट्टी

### भीषण गर्मी और लू से निकल रहा लोगों का दम

**कोलकाता (एजेंसी)।** देश के कई हिस्सों में भीषण गर्मी पड़ रही है। इसमें पश्चिम बंगाल समेत कई पूर्वी और दक्षिण भारतीय राज्य शामिल हैं। बंगाल के कई इलाकों में पारा 42 डिग्री से भी पार कर गया है। मौसम विभाग ने अगले दो से तीन कई जिलों में लू की चेतावनी जारी की है। ममता बनर्जी सरकार ने कई जिलों में लू की भयावह स्थिति को देखते हुए समय से पहले सरकारी स्कूलों में गर्मियों की छुट्टियों का ऐलान कर दिया। सरकारी आदेश के मुताबिक, पश्चिम बंगाल के सरकारी



स्कूलों में 22 अप्रैल से गर्मियों की छुट्टियां पड़ेंगी। पश्चिम बंगाल में सरकार की ओर से जारी आदेश में कहा गया है, मौजूदा भीषण गर्मी की स्थिति को ध्यान में रखते हुए, सक्षम प्राधिकारी ने दार्जिलिंग और कलिम्पोंग जिलों के पहाड़ी क्षेत्रों के स्कूलों को छोड़कर, 22 अप्रैल से प्रदेश भर के सरकारी स्कूलों में गर्मी की छुट्टियां पहले करने का फैसला किया है। अगले आदेश तक इसे जारी रखें। दक्षिण बंगाल के कुछ जिले लू जैसी स्थिति है। बंगाल में गर्मी से लोगों का जीना मुहाल हो रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### महिला मंडली की सुमधुर आवाज से इलाका भक्तिमय

**मुजफ्फरपुर/गोरौल, एजेंसी।** रामनवमी को लेकर जगह-जगह भव्य जुलूस निकाला गया। हरशेर गांव स्थित मां जगदंबा स्थान पर महिला मंडली द्वारा 24 घंटे का अष्टयाम यज्ञ का आयोजन किया गया। गौरीशंकर सीताराम, काली दुर्गे राधे श्याम के सुमधुर आवाज से इलाका भक्तिमय हो गया है। मंडली में मीरा देवी, गायत्री देवी, माला देवी, सुनैना देवी, मालती देवी, रिंकू देवी सहित अन्य महिलाएं शामिल हैं। वही अष्टयाम में आचार्य संजय शास्त्री, मंतोष कुमार, उमाकांत पांडेय, जितेंद्र पांडेय, दशरथ पांडेय, रमेश पांडेय, रवींद्र पांडेय सहित अन्य लोग सहयोग में जुटे हैं।

### मादक पदार्थ के डेढ़ दर्जन आरोपित पर लाल वारंट

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** मादक पदार्थ के आरोपित जमानत लेने के बाद अन्य कार्रवाई व सुनवाई के दौरान कोर्ट नहीं पहुंच रहे हैं। पिछले दो माह के दौरान फरार चल रहे डेढ़ दर्जन आरोपितों को स्थाई रूप से फरार घोषित कर उनके नाम पर लाल वारंट जारी किया गया है। पुलिस को फरार शातिरों को फिर से गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश करना है। तब तक केस पर आगे की कार्रवाई स्थगित रहेगी। कोर्ट से आरोपितों के नाम लाल वारंट की प्रति एसएसपी कार्यालय में भेजी गयी है।

### महिलाओं के साथ पिटाई के खिलाफ अनशन शुरू

**मुजफ्फरपुर/गायघाट, एजेंसी।** जस्टिस फॉर मैठी के बैनर तले बुधवार को मैठी में युवा कांग्रेस नेता आनंद कौशल व सुरेंद्र के साथ दर्जनों ग्रामीण व पीड़ित परिवार अनशन पर बैठ गए। आनंद कौशल ने बताया कि महिलाओं के साथ पिटाई करने वाले थानाध्यक्ष पुरुषोत्तम यादव पर जब तक कठोर कार्रवाई नहीं होगी, तब तक अनशन जारी रहेगा। वैशाली के पूर्व सांसद रामकिशोर सिंह उर्फ रामा सिंह व भाजपा नेता अशोक सिंह ने अनशनकारियों का समर्थन किया। उन्होंने कहा कि प्रशासन द्वारा कार्रवाई के लिए शुक्रवार तक का समय दिया गया है।

### चैती काली माता के दर्शन पूजन को उमड़े भक्त

**भागलपुर/पीरपैंती, एजेंसी।** प्रखंड के शमशान घाट पीरपैंती बाजार स्थित चैती काली माता मंदिर में माता की मूर्ति के दर्शन पूजन को बुधवार को श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। महिलाओं व नवयुवतियों ने बड़ी संख्या में मां की पूजा की और प्रसाद चढ़ाया। इस अवसर पर आयोजित मेला का भी आनंद लिया। जबकि मुख्य पुजारी संतोष बाबा ने बताया कि यहां हर साल जो मां की नई मूर्ति स्थापित की जाती है वह यहां साल भर विराजमान रहती हैं।अगले साल इस मूर्ति का विसर्जन किया जाएगा। दूसरी तरफ नवमी तिथि को लेकर शनिदेव के नवनिर्मित मंदिर में मूर्ति प्रतिष्ठापित कराई गई।

### सड़क हादसे में एक की मौत, चार की हालत गंभीर



**मुजफ्फरपुर/गोरौल, एजेंसी।** गोरौल-बेलसर मुख्य मार्ग के भटौलिया गांव के निकट बुधवार को सड़क हादसे में महमदपुर दरिया के अब्दुल गफार के पुत्र मो. शाहबुद्दीन (43) की मौत हो गई, जबकि चार लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए। बताया जाता है कि मो. शहाबुद्दीन अपने भाई मो. मुमताज के साथ रिश्तेदार के यहां शादी समारोह में वैशाली थाने के चिंतामनीपुर गांव जा रहा था। भटौलिया में उसका भतीजा आसिफ सामान खरीदने के लिए खड़ा था। बाइक रोक कर दोनों बातचीत कर रहे थे। इसी बीच बेलसर की ओर से आ रही गाड़ी ने जोरदार ठोकर मार दी। इसी दौरान गोरौल की तरफ से आ रहे एक अन्य बाइक सवार भगवानपुर थाना क्षेत्र के बखरा की सिया देवी एवं जग्गू साह लालगंज अपने संबंधी की मौत पर पीतांबरी चढ़ाने जा रहे थे। वह भी वाहन की चपेट में आकर जख्मी हो गये। सूचना पर अपर थानाध्यक्ष पुष्पलता कुमारी, सहायक अवर निरीक्षक उमाकांत सिंह ने पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर सभी को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गोरौल में भर्ती कराया, जहां से चिकित्सकों ने सभी को हाजीपुर सदर अस्पताल रेफर कर दिया।

# 92 हजार मतदाता कल पहली बार डालेंगे वोट: 4 सीट पर 38 उम्मीदवार

## गया सबसे छोटी, नवादा सबसे बड़ी सीट; पहले फेज की वोटिंग के फैक्ट्स



**पटना, एजेंसी।** लोकसभा चुनाव के पहले चरण का मतदान आज सुबह 7 बजे से शुरू होगा। इसमें बिहार में चार सीटों पर वोटिंग होगी। इमसें औरंगाबाद, गया, नवादा और जमुई शामिल है। इस चरण में पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी की प्रतिष्ठा दांव पर है। इन लोकसभा सीट से चुनाव मैदान में खड़े 38 उम्मीदवारों के लिए 7903 मतदान केंद्र पर 76,01,629 मतदाता वोटिंग करेंगे। इसमें 39,63,223 पुरुष, 36,38,151 महिला और 255 थर्ड जेंडर मतदाता शामिल हैं। इस चरण में 92602 मतदाता पहली बार डालेंगे वोट। इन लोकसभा सीट के लिए बुधवार की शाम प्रचार समाप्त हो गया। गुरुवार को डिस्पैच सेंटर से मतदान केंद्रों के लिए ईवीएम के साथ चुनाव कर्मी जाएंगे। शुक्रवार की सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक मतदान होगा। बिहार में कुल रिकॉग्नाइज्ड नेशनल पार्टी की संख्या 6 है और इतनी ही रिकॉग्नाइड्?ड स्टेट पार्टी की भी संख्या है। नेशनल रिकॉग्नाइज्ड पार्टी में आम आदमी पार्टी, बसपा, भाजपा, कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया मार्क्सिस्ट, कांग्रेस और नेशनल पीपुल्स पार्टी है। दूसरी ओर बिहार की रिकॉग्नाइज्ड स्टेट पार्टियों में पहले स्थान पर जदयू, फिर लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास), राष्ट्रीय जनता दल, लोक समता पार्टी, कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया (माले) और छठी पार्टी राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी है। फेज 1 में 2 सामान्य सीट और दो शेड्यूल कास्ट के लिए रिजर्व सीट है। गया और जमुई सीट शेड्यूल कास्ट के लिए सुरक्षित है, जबकि नवादा और औरंगाबाद सीट सामान्य दर्जे वाली है।

**कौन है सबसे छोटी और सबसे बड़ी सीट :** लोकसभा चुनाव के पहले चरण में गया सुरक्षित सीट सबसे छोटी है। यहां 18 लाख 16 हजार 815 वोटर हैं, जो मताधिकार का प्रयोग करेंगे। जबकि, नवादा लोकसभा सीट वोटरों के हिसाब से सबसे बड़ी लोकसभा सीट है। नवादा में 20 लाख 6 हजार 124 वोटर हैं।

**पहले चरण के इलेक्ट्रोल की स्थिति :** पहले चरण के 4 सीटों पर कुल 39 लाख 63 हजार 230 मेल वोटर हैं। फीमेल वोटर्स की संख्या 36 लाख 38 हजार 151 है। वहीं, थर्ड जेंडर की संख्या 255 है। निर्वाचन विभाग की माने तो पहले चरण में चार सीटों पर कुल 76 लाख 16 हजार 29 वोटर्स मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

**वोटरों के कैटेगरी :**पीडब्लूडी यानी दिव्यांग वोटरों की कुल संख्या 76 हजार 500 है, जबकि 85 प्लस वोटरों की संख्या 65 हजार 811 है। विदेश में रहने वाले मात्र 9 वोटर हैं। 100 साल से अधिक उम्र वाले वोटरों की भी संख्या 1 हजार 713 है। वहीं, सर्विस वोटर की संख्या 16 हजार 415 है। पहली बार वोट करने वाले यानी 18 से 19 की उम्र वाले वोटरों की संख्या 92 हजार 602 है। जबकि, युवा वोटर यानी 20 साल से 29 साल उम्र वाले मतदाताओं की संख्या 16 लाख 6 हजार 741 है।

### हर बूथ पर एक-एक बैलेट यूनिट

पहले फेज में मतदान होने वाले प्रत्येक लोकसभा सीट के लिए 15 से कम उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। इस कारण प्रत्येक मतदान केंद्र पर एक ही बैलेट यूनिट लगेगा। एक बैलेट यूनिट में 15 उम्मीदवार के चुनाव चिह्न के साथ एक नोटा के लिए जगह होती है।

### गया से 14 तो जमुई से 7 उम्मीदवार मैदान में

गया लोकसभा सीट पर सबसे ज्यादा उम्मीदवार चुनावी दंगल में ताल ठोंक रहे हैं। यहां से सबसे ज्यादा 14 उम्मीदवार चुनावी मैदान में हैं। वहीं, जमुई सुरक्षित सीट पर सिर्फ 7 उम्मीदवार अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। चार लोकसभा सीट पर कुल 38 उम्मीदवारों में से 35 मेल और 3 फीमेल कैंडिडेट हैं।




# गर्मी से ब्रेन हेमरेज, 3 दिन में आईजीआईएमएस में 10 भर्ती

**पटना, एजेंसी।** अप्रैल का आधा महीना बीत चुका है। बिहार में गर्मी बढ़नी शुरू हो चुकी है। मौसम विभाग ने 18 से 21 अप्रैल तक 14 जिलों जमुई, नवादा, औरंगाबाद, पश्चिमी चंपारण, पूर्वी चंपारण, सीवान, गोपालगंज, बक्सर, कैमूर, रोहतास, शेखपुरा, खगड़िया, मुंगेर और बांका में हीट वेव यानी लू का यलो अलर्ट जारी किया है। गर्मी बढ़ने के साथ ही पटना में ब्रेन हेमरेज के मरीज सामने आ रहे हैं। पटना आईजीआईएमएस में 3 दिनों में 10 लोग भर्ती हुए हैं। बुधवार को दो, मंगलवार को तीन और सोमवार को पांच मरीज भर्ती हुए। फिलहाल आईजीआईएमएस में ब्रेन हेमरेज के 20 मरीजों का इलाज चल रहा है। डॉक्टर्स का कहना है कि ब्रेन हेमरेज अक्सर ठंड के दिनों में दिखाई देता है, लेकिन अब गर्मी में भी इसके केस सामने आ रहे हैं।

**मरीजों में 40 से 55 की उम्र वाले ज्यादा :** मेडिकल सुपरिंटेंडेंट सह उपनिदेशक डॉ. मनीष मंडल ने बताया कि गर्मी में इतने लोग ब्रेन हेमरेज से पीड़ित हो रहे हैं, इससे चिकित्सक भी हतप्रभ हैं। डॉ. मंडल की मानें तो एसी से तुरंत बाहर आने या फिर गर्मी से तुरंत एसी में जाने, बीपी की दवा छोड़ देने जैसे कारणों से गर्मी में ब्रेन हेमरेज के मामले आ रहे हैं। ऐसे मरीजों को आईसीयू और वेंटिलेटर की जरूरत पड़ रही है। इनमें 40 से 55 साल वालों की संख्या अधिक है। गर्मी में बीपी के मरीज के अलावा अन्य को सावधानी बरतने की जरूरत है। तुरंत एसी से धूप में नहीं जाएं या फिर धूप से तुरंत एसी में नहीं बैठें। बीपी की दवा नहीं छोड़ें, अगर चल रही है तो। चिकित्सक की सलाह के बिना दवा नहीं छोड़ें। मौसम विभाग के अनुसार राजस्थान से आ रही गर्म शुष्क पछुआ हवा अब झुलसाने लगी है।



## स्पेशल ट्रेनों का बढ़ा एक-एक फेरा :सहरसा से नई दिल्ली और धनबाद से आनंद विहार के लिए चलेगी गाड़ी

**नालंदा, एजेंसी।** यात्रियों की अत्यधिक भीड़ के मद्देनजर रेलवे ने सहरसा से नई दिल्ली और धनबाद से आनंद विहार के लिए एक-एक फेरे स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जाएगा। गाड़ी संख्या 05557-05558 सहरसा-नई दिल्ली-सहरसा एक्सप्रेस स्पेशल (बरौनी, समस्तीपुर, मुजफ्फरपुर, हाजीपुर, गोरखपुर के रास्ते): गाड़ी संख्या 05557 सहरसा-नई दिल्ली एक्सप्रेस स्पेशल दिनांक 18 अप्रैल को सहरसा से 07.00 बजे खुलकर अगले दिन 07.00 बजे नई दिल्ली पहुंचेगी। वापसी में गाड़ी संख्या 05558 नई दिल्ली-सहरसा एक्सप्रेस स्पेशल दिनांक 19 अप्रैल को नई दिल्ली से 10.00 बजे खुलकर अगले दिन 10.00 बजे सहरसा पहुंचेगी। इस स्पेशल में शयनयान श्रेणी के 18 कोच होंगे। गाड़ी संख्या 02395/02396 धनबाद-आनंद विहार-धनबाद सुपरफास्ट एक्सप्रेस स्पेशल (कोडरमा-गया-डीडीयू-प्रयागराज के रास्ते): गाड़ी संख्या 02395 धनबाद-आनंद विहार सुपरफास्ट एक्सप्रेस स्पेशल दिनांक 19 अप्रैल को धनबाद से 18.00 बजे खुलकर अगले दिन 15.00 बजे आनंद विहार पहुंचेगी। वापसी में गाड़ी संख्या 02396 आनंद विहार-धनबाद सुपरफास्ट एक्सप्रेस स्पेशल दिनांक 20 अप्रैल को आनंद विहार से 19.20 बजे खुलकर अगले दिन 16.54 बजे धनबाद पहुंचेगी। इस स्पेशल में द्वितीय वातानुकूलित श्रेणी का 01 और शयनयान श्रेणी के 19 कोच होंगे।

# बिहार से बाघ की खाल और हाथी दांत की स्मगलिंग?

## पटना में 4 गिरफ्तार, मर्चेंट नेवी का कर्मी निकला तस्कर

**पटना, एजेंसी।** बिहार की राजधानी पटना में बाघ की खाल और हाथी के दांत के साथ चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पटना पुलिस और वन विभाग की टीम ने संयुक्त रूप से छापेमारी कर इन्हें गिरफ्तार किया। जिन चार लोगों को पकड़ा गया है उनमें एक राकेश कुमार मर्चेंट नेवी में कार्यरत है। इससे आशंका जताई जा रही है कि बिहार इन चीजों के इंटरनेशनल स्मगलिंग का हब बन रहा है। जानकारी के मुताबिक पुलिस और वन विभाग की टीम ने उसे फुलवारीशरीफ के बाबूचक से पकड़ा। राकेश के अलावा अन्य तीन लोग भी पकड़े गये। बरामद सामान की कीमत विदेशी बाजार में लाखों रुपये है। इस बरामदगी और गिरफ्तारी के बाद पटना वन प्रमंडल के पश्चिमी रेंज में केस दर्ज किया गया है। पटना डीएफओ गौरव ओझा ने बताया कि वन्य प्राणी संरक्षण अधिनियम के तहत आरोपितों के खिलाफ कार्रवाई की जायेगी। पकड़ा गया राकेश दस दिनों पूर्व ही छुट्टी पर पटना आया था। उसकी गिरफ्तारी की खबर काफी देर तक राकेश के परिजनों को नहीं थी। बताया जा रहा है कि हाथी दांत और बाघ की खाल की डील तस्कर कर चुके थे। इसी बीच वन विभाग और पटना पुलिस की टीम को इसकी सूचना मिल गई। उसके बाद कार्रवाई शुरू हो गई और चारों को गिरफ्तार कर लिया गया।



### क्या कहते हैं अधिकारी?

पटना पुलिस ने वन विभाग की टीम के साथ संयुक्त रूप से छापेमारी की थी। इस दौरान बाघ की खाल और हाथी दांत बरामद किये गये। सभी आरोपितों को वन विभाग की टीम के हवाले कर दिया गया है। - राजीव मिश्रा, डीआईजी सह एसएसपी

# मां का श्राद्ध हो रहा था, छोटे ने बड़े भाई का गला रेत उतार दिया मौत के घाट

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** बिहार के मुजफ्फरपुर में मां के श्राद्ध के दौरान एक युवक ने अपने बड़े भाई की हत्या कर दी और सबूत मिटाने के लिए लाश को नदी में बहा दिया। पुलिस ने शव को बरामद करके कार्रवाई शुरू कर दिया है। घटना सिवाईपट्टी के हरशेर गांव में मंगलवार रात की है। लोगों ने बताया कि उसकी मां का श्राद्ध पूरा भी नहीं हुआ था कि छोटे भाई नवीन कुमार ने एक अन्य के साथ मिलकर बड़े भाई रणवीर कुमार (30) की गला रेत दिया। हत्या के बाद साक्ष्य छुपाने की नीयत से शव को कोदरिया पुल से बूढ़ी गंडक में फेंक दिया। पुलिस ने आरोपी नवीन और उसके सहयोगी को हिरासत में लिया है। इस वारदात से इलाके में सनसनी फैल गई है। हिरासत में पुलिस ने जब उससे पूछताछ की तो शव छिपाने की जानकारी दी। बताए गए लोकेशन के आधार पर एनडीआरएफ और स्थानीय गोताखोरों की मदद से देर शाम बूढ़ी गंडक नदी से शव निकाला गया। इधर पत्नी के निधन से आहत रणवीर के पिता उमाशंकर सिंह बड़े बेटे की हत्या से बदहवास हैं। इस बीच बेटे की हत्या का दोहरा सदमा झेल रहे हैं। मामले को लेकर थानाध्यक्ष मनमोहन कुमार ने बताया कि शिवहर जिले के तरियानी में भाई द्वारा बड़े भाई की हत्या करने का आरोप लगाया गया है। हत्या के एक अन्य कांड में नवीन पहले से फरार चल रहा था। तरियानी पुलिस बार-बार उसकी तलाश में घर पर दबिश देती थी। इस बीच, वह अपने पिता से बराबर रुपये की मांग करता था। मना करने पर पिता से उलझ जाता था। परिवार नवीन की करतूतों से पहले से परेशान था लेकिन लोकलाज से बात को मैनेज किया जा रहा था। युवक के पिता उमाशंकर सिंह ने पुलिस को बताया कि बड़ा लड़का उनके बचाव में आता था। इसी रंजिश में छोटे बेटे ने गला रेतकर उसकी हत्या कर दी और साक्ष्य छुपाने के लिए शव बूढ़ी गंडक नदी में फेंक दिया। उन्होंने कहा कि रणवीर की 14 साल पहले ममता सिंह के साथ शादी हुई थी। उसे दो लड़की और सबसे छोटा लड़का निखिल कुमार है। बच्चों का भविष्य भी अधर में फंसता दिख रहा है। उन्होंने पुलिस से परिवार के अन्य सदस्यों को सुरक्षा देने की मांग की है।

# घर से 1 किमी दूर बुलाकर ठेला चालक की हत्या

## फोन पर बात करने के बाद किसी से मिलने गया था युवक, मायागंज में इलाज के दौरान मौत

**भागलपुर, एजेंसी।** भागलपुर में बदमाशों ने ठेका चालक की हत्या कर दी। घर से एक किलोमीटर की दूरी पर बुलाकर वारदात को अंजाम दिया। चालक को किसी ने फोन किया था। चालक नाथनगर स्थित महाशय डोरी आने की बात कह रहे थे। परिजनों को सूचना मिली कि किसी ने गोली मारकर हत्या कर दी। घटनास्थल पर जब पुलिस पहुंची तब चालक जिंदा था। पुलिस उसे मायागंज अस्पताल ले गई। जहां इलाज के दौरान मौत हो गई। हत्या किस कारण को लेकर हुई यह स्पष्ट नहीं है। घटना नाथनगर थाना क्षेत्र के बंगाली टोला काली स्थान के पास की है।



**मृतक पर मारपीट मामले में प्राथमिकी दर्ज हुई थी :** परिजन जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचे। मृतक की पहचान नरगा निवासी मणि प्रसाद यादव के 36 वर्षीय पुत्र निरंजन यादव के रूप में की गई है। निरंजन यादव ठेला चला कर अपने घर का भरण-पोषण करता था। कुछ दिन पहले मारपीट मामले को लेकर मृतक पर प्राथमिक की दर्ज हुई थी।

### मृतक के मामा को मामले की जानकारी पहले हुई

मृतक के भाई जयराम यादव ने बताया कि देर रात मृतक के मोबाइल पर किसी ने फोन किया था। इसके बाद उधर से कहीं बुलाया जा रहा था। इधर से निरंजन ने कहा कि महाशय डोरी के पास आ रहे हैं। कुछ घंटे बाद मृतक के मामा को स्थानीय चौक पर लोगों ने जानकारी दी कि गोली मारकर उसकी हत्या कर दी है। जिसके बाद आनन-फानन में मृतक के परिजन घटना स्थल पर पहुंचे लेकिन तब तक पुलिस ने युवक को मायागंज अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती करवा दिया था। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई है।

# लोकसभा चुनाव 2024: औरंगाबाद में आरजेडी कैंडिडेट के ऑफिस से 50 हजार कैश जब्त



**औरंगाबाद , एजेंसी।** औरंगाबाद नगर थाना क्षेत्र में फार्म के समीप एक होटल में संचालित राजद के चुनाव कार्यालय पर बुधवार की सुबह छापेमारी की गई। इस दौरान यहां हंगामा हुआ। छापेमारी के दौरान टीम ने करीब 50 हजार रुपए और कुछ कागजात जब्त किए। इधर राजद कार्यकर्ताओं द्वारा प्रशासन पर जानबूझकर परेशान करने का आरोप लगाया गया। औरंगाबाद से अभय कुशवाहा आरजेडी से चुनाव लड़ रहे हैं जिन्होंने नीतीश की पार्टी जेडीयू छोड़कर हाल ही में लालू का दामन थामा था। इससे पहले पूर्णया में निर्दलीय उम्मीदवार पप्पू यादव के कार्यालय में आचार संहिता उल्लंघन की आशंका पर छापेमारी की गयी थी। जानकारी के अनुसार, राजद प्रत्याशी अभय कुमार सिन्हा का कार्यालय होटल से ही संचालित हो रहा था।

बुधवार की सुबह चुनाव की फ्लाइंग स्क्वॉड की टीम होटल में पहुंची और यहां छापेमारी की। कई कमरों में तलाशी ली गई। आलमीरा आदि की जांच की गई। छापेमारी के दौरान यहां करीब 50 हजार रुपए बरामद किए गए। इसकी वीडियोग्राफी भी कराई गई। इस दौरान यहां मौजूद राजद कार्यकर्ताओं ने हंगामा किया। राजद नेता उदय उज्जवल, डॉ रमेश यादव ने आरोप लगाया कि भाजपा के इशारे पर तंग किया जा रहा है। सुबह से टीम यहां पहुंच गई और छापेमारी करती रही। राजद कार्यकर्ताओं ने बताया कि छापेमारी के कारण उनका चुनाव प्रचार कार्य बाधित हुआ। यहां मौजूद दंडाधिकारी ने कहा कि छापेमारी में 50 हजार रुपए मिले हैं। हालांकि उन्होंने छापेमारी के कारणों आदि की जानकारी होने से इनकार किया। एसडीपीओ ने कहा कि वह टीम के साथ आए थे और छापेमारी हुई है। औरंगाबाद के डीएम श्रीकांत शास्त्री ने बताया कि इसकी जांच की जा रही है।

**राजद प्रत्याशी के खिलाफ भाजपा ने की शिकायत:** भाजपा ने औरंगाबाद से राजद प्रत्याशी अभय कुशवाहा के विरुद्ध चुनाव आयोग में आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायत कराई है। नई दिल्ली स्थित मुख्य निर्वाचन आयुक्त, बिहार के मुख्य निर्वाचन आयुक्त तथा औरंगाबाद के जिला निर्वाचन अधिकारी के समक्ष दर्ज शिकायत में कार्रवाई की मांग की है। शिकायत में कहा कि उक्त प्रत्याशी ने फेसबुक व एक्स पर जाति के आधार पर वोट देने की अपील की है। शिकायत भाजपा न्यायिक मामले के राज्य प्रमुख एसडी संजय ने दर्ज करवाया है। न्यायिक मामले के मीडिया प्रभारी मुकेश कुमार ने कहा कि भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता संजीव मिश्रा, दीपक वर्मा व प्रियंका राजलक्ष्मी भी शिकायत दर्ज कराने के दौरान मौजूद रहे। शिकायत में सोशल मीडिया पर वायरल पोस्टर की प्रति भी संलग्न की गई है।

# सुल्ताननंज में निकाली गयी रामनवमी की शोभायात्रा

**भागलपुर/सुल्तानगंज, एजेंसी।** कृष्णगढ़ मोड़ स्थित बजरंगबली मंदिर परिसर से रामनवमी पर अजगैवीनाथ धाम युवा समिति ने शोभायात्रा निकाली। शोभायात्रा में शामिल कार्यकर्ता जय श्रीराम का झंडा लिए जय श्रीराम के उद्घघोष करते चल रहे थे। ट्रैक्टर पर भारत माता सहित भगवान के अन्य रूप धरे युवा और श्रीराम की प्रतिमा सहित झांकी बाजे-गाजे के साथ झांकी निकाली गयी। साथ ही घोड़ा और बाइक पर सवार युवक शोभायात्रा में चल रहे थे। शोभायात्रा में विधि व्यवस्था डीएसपी चंद्रभूषण, थानाध्यक्ष प्रिय रंजन दल-बल के साथ चल रहे थे। शोभायात्रा में शामिल लोगों को जगह-जगह शरबत व ठंडा पानी पिलाकर स्वागत किया गया। शोभायात्रा शहर में कई जगह से गुजरते हुए वापस कृष्णगढ़ मोड़ स्थित बजरंगबली मंदिर परिसर में समाप्त किया गया। अजगैवीनाथ धाम युवा समिति के स्वप्निल झा सहित समिति से जुड़े सदस्य के अलावा शहर के सम्मानित शोभायात्रा में शामिल थे।



## संक्षिप्त समाचार

### समर स्पेशल बनकर चलेगी हापा-नाहरलागुन विशेष गाड़ी, छपरा के यात्रियों को मिलेगा लाभ

**छपरा।** रेलवे प्रशासन ने ग्रीष्म काल में यात्रियों की बढ़ती भीड़ को देखते हुए गाड़ी संख्या 09525/09526 हापा-नाहरलागुन-हापा ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ी चलाने का निर्णय लिया है। एक तरफ से इसका संचालन 24 अप्रैल से 29 जून तक हर बुधवार को किया जाएगा। वहीं दूसरी तरफ से 20 अप्रैल से 29 जून तक नाहरलागुन से हर शनिवार को इसका संचालन होगा। इस ट्रेन के रूट की बात करे तो छपरा के रास्ते बलिया होते हुए वाराणसी रूट से जाएगी। इससे आसपास के यात्रियों को लाभ मिलेगा। रेलवे के जनसंपर्क पदाधिकारी ने बताया कि 24 अप्रैल बुधवार को यह ट्रेन हापा 00.40 बजे खुलेगी। इसके बाद राजकोट, वांकानेर, सुरेन्द्रनगर, अहमदाबाद, नडियाद, आनन्द होते हुए 13.55 बजे बलिया पहुंचेगी। इसके बाद 15.45 बजे छपरा पहुंच कर हाजीपुर, बरौनी, बेगूसराय, खगड़िया, नौगछिया और किशनगंज के रास्ते 16.00 बजे नाहरलागुन पहुंचेगी। वापसी यात्रा में 20 अप्रैल को नाहरलागुन से 10.00 बजे खुलगी। इसके बाद हारमती, रंगापारा नार्थ, न्यू मिसामारी, उदालगुड़ी के रास्ते 22.27 बजे किशनगंज पहुंचेगी। वहीं दूसरे दिन कटिहार से 01.35 बजे खुलकर नौगछिया, खगड़िया, बेगूसराय, बरौनी, शाहपुर पटोरी, हाजीपुर होते हुए 09.35 बजे छपरा पहुंचेगी। यात्रा के चौथे दिन यह ट्रेन 00.30 बजे हापा पहुंचेगी। बता दे कि इस गाड़ी में वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी का 01, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी के 02, शयनयान श्रेणी के 15, सामान्य द्वितीय श्रेणी के 02, एसएलआर/डी के 02 कोच सहित कुल 22 कोच लगाये जाएंगे।

### 'कोरोना अब घातक नहीं, नहीं पहुंचाएगा नुकसान', गार्डिनर अस्पताल के अधीक्षक डॉ. मनोज कुमार ने कहा- पॉजिटिव हैं

**पटना।** पटना में कोरोना के लक्षण (सर्दी-खांसी) वाले मरीजों की परेशानी बढ़ने लगी है। वहीं इसको लेकर गार्डिनर अस्पताल के अधीक्षक डॉ. मनोज कुमार बताते हैं कि कोरोना जैसी बीमारी से अब घबराना नहीं है, क्योंकि कोरोना अब घातक नहीं है। हालांकि कोरोना जाएगा भी कहीं नहीं, यही रहेगा। हालांकि पहले की तरह यह नुकसान नहीं पहुंचाएगा। ऐसे में कोई शख्स जांच में कोरोना पॉजिटिव मिलता है, तो उससे घबराने की जरूरत नहीं। दरअसल, मौसम के बदलते ही लोगों को सर्दी-खांसी होने लगी है। ऐसे में अगर कोई समस्या हो तो, RT PCR की जांच करा सकते हैं। जांच की भी सुविधा अस्पताल में उपलब्ध है। इसलिए कोरोना जैसे बीमारी के नाम से डरने की कोई बात नहीं है। आपको बता दें कि कोरोना ने लाखों जिंगदियां छीन ली थी।

### पटना में युवक की हत्या, परिजन बोले- गांजा पिलाकर दोस्तों ने किया मर्डर, गांव वालो ने कहा- नशा करता था

**पटना।** पटना जिले के बिहटा थाना क्षेत्र के बाटा मुसहरी से संधिग अवस्था में पड़े एक मृत युवक का शव मिलने से इलाके में सनसनी फ़ैल गई। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को बरामद कर पोस्टमार्ट के लिए अनुमंडलीय अस्पताल भेज दिया। परिजनों का कहना है कि दोस्तों ने गांजा पिलाकर हत्या कर दी। मृतक युवक की पहचान परसा थाना क्षेत्र के झाई चक गांव निवासी बिट्टू कुमार के रूप में की गई है। मौत की सूचना मिलते ही मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया। ग्रामीणों ने बताया कि मृतक नशे का सेवन के लिए सुई भी लेता था। नशे का ज्यादा सेवन कर लेने से मौत हुई होगी। घटना की सूचना पर एफएसएल की टीम घटनास्थल पर पहुंच कर बारीकी से जांच कर कुछ नमूने को इकठ्ठा कर ले गयी है। मृतक की मां रिंकी देवी ने हत्या का आरोप लगाते हुए कहा कि बीते कुछ दिन पहले ही मेरा लड़का बिट्टू कुमार बिहटा स्थित बाटा मुसहरी में सुसराल से अपने नानी के घर पर आया था। बीते रात को गांव के ही कुछ युवक लोग गांजे पीने के बहाने बुलाकर घर से ले गए थे। अल्हे सुबह सूचना मिली की मृत अवस्था में पड़ा हुआ है। उसके चेहरे पर चाकू से मारने का निशाना था।इसके साथ ही कई जगहों पर जख्म के निशाना बना हुआ था। प्रशिक्षु डीएसपी सह थाना प्रभारी दीक्षा भवरे ने कहा कि एक युवक का शव बरामद किया गया है।पोस्टमार्ट के लिए अनुमंडलीय अस्पताल भेज दिया गया है। मृतक के परिजनों के तरफ से लिखित आवेदन आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल सभी मामलों पर जांच की जा रही है।

### फुटबॉल खिलाड़ी का तख्त श्री हरमंदिर साहिब से मोबाइल चोरी, गुरुद्वारा घूमने के लिए आई हुई थी टीम

**पटना।** सिक्किम से चलकर रायपुर अंडर 20 फुटबॉल चैंपियनशिप खेलने जा रहे फुटबॉल खिलाड़ी का मोबाइल पटना साहिब से चोरी हो गई। वे घूमने के लिए तख्त श्री हरमंदिर गुरुद्वारा पहुंचे थे। घटना की लिखित शिकायत फुटबॉल खिलाड़ी अजय तमांग ने पटना सिटी के चौक थाने में की है। घटना के बाद खिलाड़ी के मोबाइल चोरी का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है। सिक्किम से रायपुर जा रहे अंडर 20 फुटबॉल चैंपियनशिप के खिलाड़ी कुछ देर के लिए पटना साहिब में रुके। गुरुवार की सुबह उनकी ट्रेन पटना में रूकी थी। रायपुर के लिए गुरुवार की रात में उनकी ट्रेन थी। इस बीच दिन भर का समय उनके पास शेष रह गया था। इस समय के सदुपयोग के लिए खिलाड़ियों ने पटना साहब तख्त श्री हरमंदिर घूमने का विचार बनाया। गुरुद्वारा घूमने के दौरान दो खिलाड़ी आराम करने की नीयत से तख्त श्री हरमंदिर के एक जगह पर लेट कर आराम करने लगे। इस बीच खिलाड़ियों की आंख लग गई। इस दौरान एक मोबाइल उच्चक्के ने खिलाड़ियों से नजर बचाकर मोबाइल चोरी कर लिया। घटना का सीसीटीवी फुटेज सामने आया है। घटना के बाद खिलाड़ी अजय तमांग ने चौक थाने में लिखित शिकायत की है। थाना प्रभारी ने इस मामले में उचित कार्रवाई करने और मोबाइल जल्द से जल्द बरामद करने का आश्वासन दिया है। खिलाड़ियों ने बताया कि 22 अप्रैल से रायपुर में अंदर 20 फुटबॉल चैंपियनशिप का आयोजन हो रहा है। इसी सिलसिले में वे सभी फुटबॉल चैंपियनशिप में भाग लेने रायपुर जा रहे थे।

### पिता ने नाबालिग बेटी के साथ किया रेप, मां बोली- पहले भी गंदा काम करने की कर चुका है कोशिश

**पटना।** पटना के नौबतपुर में एक पिता ने बुधवार की देर रात अपने घर में सो रही नाबालिक बेटी के साथ दुष्कर्म किया। बेटी के शोर शराबे, हल्ला करने के बाद घर के परिवार के लोग जाग गए। परिवार के लोगों ने इसकी शिकायत नौबतपुर थाने में की। घटना प्रकाश में आने के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपित पिता को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस गिरफ्तार पिता से पूछताछ कर रही है। पुलिस ने पीड़ित बेटी को मेडिकल के साथ-साथ न्यायालय में 164 का बयान दर्ज करने के लिए भी प्रयास में जुट गई है। नौबतपुर के एक गांव में 40 वर्षीय दो बेटी के पिता मेहनत मजदूरी करके अपने और अपने परिवार चलाता था। दो बेटियों में एक बेटी की उम्र लगभग 14 वर्ष जबकि दूसरी बेटी की उम्र लगभग 12 वर्ष बताई जा रही है। बुधवार की रात परिवार के सभी लोग घर में सो रहे थे। इसी दौरान पिता अपनी नाबालिग बेटी(14) के पास पहुंची और उसके साथ दुष्कर्म किया। घटना के बाद बेटी के हल्ला मचाने से परिवार के लोग जाग गए। बेटी ने अपने साथ हुई घटना की पूरी जानकारी अपनी मां को दी। मां ने इसकी लिखित



शिकायत नौबतपुर थाने में की है। पुलिस ने मामला दर्ज होते ही आरोपित पिता को गिरफ्तार कर लिया है। घटना की पुष्टि करते हुए थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपी बेटी की मां के द्वारा यह बताया गया है कि कई बार उसके पिता ने अपनी नाबालिग बेटी के साथ गलत करने का प्रयास किया था। वहीं बांका में भी सोमवार को एक ऐसी घटनाएं सामने आईं थी, जिसमें पिता ने ऐसा पाप किया जिसकी कोई माफी नहीं। पिता 3 साल से दो बेटियों से दुष्कर्म कर रहा था। बेटियां गर्भवती हुईं। एक ने संतान को जन्म दिया तो दुष्कर्मी पिता ने बच्चे को बेच दिया। आरोपी पिता गिरफ्तार कर लिया गया है। दो नाबालिग बेटियों के साथ तीन साल तक दुष्कर्म कर एक शख्स ने पिता-पुत्री के रिश्ते को शर्मसार कर दिया। हद तो यह कि जब छोटी बेटी गर्भवती हुई तो आरोपी पिता ने आशा कार्यकर्ता के साथ मिलकर जन्मी बच्ची को बेच दिया।

# अंबेडकर की मूर्ति लगाने के विवाद में युवक की हत्या

## लाइट काटकर मर्डर, पहले ईंट-पत्थर चलाए फिर 4 राउंड फायरिंग

एजेंसी, पटना।

पटना के दानापुर में दलित युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई। बताया जा रहा है कि अंबेडकर की मूर्ति को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद चल रहा था। उसको लेकर ही रामनवमी के दिन ट्रांसफॉर्मर की लाइट काटकर फायरिंग की गई। इस घटना में एक शख्स की मौत हो गई। मकसूदपुर गांव में 14 अप्रैल को डॉक्टर भीम राव अंबेडकर की जयंती मनाई जा रही थी। उस दौरान कुछ लोग बार-बार ट्रांसफॉर्मर से लाइट काट रहे थे। जयंती मना रहे लोगों ने इसका विरोध किया। आपसी बहस के बाद मामला शांत हो गया। रामनवमी की दोपहर में फिर से दोनों पक्षों में मारपीट हुई। फिर देर शाम में दोनों पक्षों के बीच ईंट पत्थर के साथ लाठी डंडे चले। रात करीब 11 बजे एक पक्ष ने ट्रांसफार्मर से बिजली काटकर तीन से चार राउंड फायरिंग की। इस फायरिंग में विक्रम नाम के युवक को एक गोली जा लगी। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतक के भाई विजय कुमार ने बताया कि गांव में हम लोग डॉ. भीम राव अंबेडकर का मंदिर बना रहे थे। वहीं 14 अप्रैल को जयंती के दिन मंदिर बनाने का



विरोध कर बिजली काट दी गई थी। जिसका हम लोगों ने विरोध किया था। कल देर शाम अचानक से उन लोगों ने मारपीट शुरू कर दी और रात में बिजली काटकर फायरिंग की गई। इस दौरान एक गोली मेरे भाई को जा लगी। जिससे उसकी मौत हो गई। विक्रम गुजरात में काम करता था। 5 अप्रैल को छुट्टी लेकर घर आया हुआ था। शाहपुर थानाध्यक्ष मनीष आनंद ने बताया कि बीती रात दियारा के मकसूदपुर गांव में गोली चलने की सूचना मिली। इसमें एक युवक की गोली लगने से मौत हो गई। जबकि एक युवक बुरी तरह से जख्मी हो गया। उसे पीएमसीएच में भर्ती कराया गया है। घटना को लेकर बताया जा रहा है कि अंबेडकर की मूर्ति की स्थापना को लेकर सड़क किनारे चबूतरा बनाया जा रहा था। जिसका गांव के यादव पक्ष के द्वारा विरोध किया जा रहा था। इसको लेकर गोलीबारी की गई है। मामले में सिटी एसपी वेस्ट अभिनव धीमान ने कहा की सरकारी स्कूल के बगल में सड़क किनारे सरकारी जमीन पर डॉक्टर भीम राव अंबेडकर की मूर्ति लगाने को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद हुआ था। विवाद इतना बढ़ गया की आपस में पथराव शुरू हो गया। जिसमें एक युवक के सिर में गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसका इलाज पटना के पीएमसीएच में चल रहा है। इसी बीच हुई गोलीबारी में एक युवक को गोली जा लगी। जिसे दानापुर अनुमंडल अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। इस मामले में करवाई करते हुए देर रात छापेमारी करते हुए पांच लोगो को हिरासत में पूछताछ की जा रही है। इस घटना में अवधेश राय का डायरेक्ट इनवॉलमेंट है। कुछ अन्य नाम भी सामने आया है जिसके लिए छापेमारी की जा रही है।

# मोबाइल चोरी करने पहुंचे चोर गिरोह के दो सदस्य गिरफ्तार

एजेंसी, पटना।

पटना सिटी के मालसलामी थाना की पुलिस ने रामनवमी के अवसर पर पश्चिम बंगाल से पटना मोबाइल चोरी करने पहुंचे गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया है। जबकि अन्य सदस्य पुलिस की नजर बचाकर भागने में सफल हो गए। गिरफ्तार दोनों सदस्य मोबाइल चोरी कर पश्चिम बंगाल भागने की फिराक में थे। पुलिस ने गिरफ्तार युवकों के पास से 13 महंगे मोबाइल जब्त किए हैं। पुलिस का यह मानना है कि मोबाइल चोर गिरोह के सदस्यों का जाल बिहार से पश्चिम बंगाल तक फैला है। पुलिस अब गिरोह के अन्य सदस्यों को गिरफ्तार करने में जुट गई है। 17 अप्रैल को रामनवमी पूजा के अवसर पर पटना के महावीर मंदिर के आसपास चोरों के गिरोह ने पूजा में शामिल होने आए लोगों से कई मोबाइल चोरी कर लिए। पटना से मोबाइल चोरी करने के बाद मोबाइल चोर गिरोह के सदस्य पश्चिम बंगाल भागने की फिराक में थे। इसी क्रम में गुप्त सूचना के आधार पर मालसलामी थाने की पुलिस ने पटना सिटी से दो चोर को गिरफ्तार कर लिया है। मालसलामी थाना प्रभारी राजकुमार सिंह ने बताया कि गिरफ्तार चोर धर्मवीर विश्वकर्मा



♦ वारदात के लिए पश्चिम बंगाल से आए थे पटना, दर्जनों मोबाइल जब्त

(22) एवं मुरली सिंह (20) के हैं। उन्होंने बताया कि यह दोनों पश्चिम बंगाल, पुरुलिया के रहने वाले हैं। पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि पश्चिम बंगाल का गिरोह बिहार में किसके बुलाने पर आया है। पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि बिहार के चोर गिरोह के सदस्यों के तार पश्चिम बंगाल के गिरोह से कहां तक जुटा है। थाना प्रभारी ने बताया कि पटना के कोतवाली थाना क्षेत्र से भी कई मोबाइल चोरी करने की बात को चोरों ने स्वीकार किया है।

# पिस्टल दिखाकर 30 हजार और मोबाइल की लूट

एजेंसी, पटना।

पटना के फतुहा औद्योगिक इलाके के बाबा बाल नाथ के सामने से मोटरसाइकिल सवार दो लुटेरों ने पिस्तौल के बल पर चार मजदूरों से 30 हजार रुपये और मोबाइल लूट लिए। घटना बुधवार रात करीब 11 बजे की बताई जाती है। ये सभी मजदूर फतुहा के मकसूदपुर स्थित स्प्रिंग फैक्ट्री में मजदूरी करते हैं। बीती रात सभी अपने घर वापस जाने के लिए ट्रेन पकड़ने जा रहे थे तभी रास्ते में बदमाशों ने वारदात को अंजाम दिया।

**पश्चिम बंगाल के रहने वाले हैं पीड़ितः** पश्चिम बंगाल के पुरुलिया जिले के रहने वाले दीपक कुमार ने बताया कि सभी मजदूरी करके अपने परिवार का भरण पोषण करते हैं। हम सभी मजदूर उसी फैक्ट्री में रहते हैं। हम सभी कल रात अपने घर बंगाल जाने के लिए स्टेशन जा रहे थे। स्टेशन से कुछ



फैक्टी से काम कर पश्चिम बंगाल जा रहे थे मजदूर

ही दूरी पहले बाबा बाल नाथ मंदिर के समीप एक अपाचे मोटरसाइकिल पर सवार दो बदमाशों में से एक ने पिस्तौल दिखाकर हमारे बैग और सभी के मोबाइल लूटकर भाग गए। इस मामले में फतुहा थाना अध्यक्ष रूपक कुमार अंबुज ने बताया कि पीड़ित के आवेदन पर कार्रवाई की जा रही है। आसपास के लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाला जा रहा है। जल्द बदमाशों को पकड़ लिया जाएगा।

# बीएस कॉलेज में फायर ब्रिगेड टीम की हुई ट्रेनिंग, भूकंप के बाद बचाव को लेकर भी ट्रेनिंग

♦ मॉक ड्रिल से मिलेगी सहायता

एजेंसी, पटना।

पटना के दानापुर के बी एस कॉलेज में अग्नि सुरक्षा एवं भूकंप से बचाव का प्रशिक्षण एवं मॉक ड्रिल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। राज्य आपदा मोचन बल (SDRF) आपदा प्रबंधन विभाग, बिहार सरकार के सब इंस्पेक्टर रमेश ठाकुर ने इसका नेतृत्व किया। उनकी टीम बिहटा से आई थी। कॉलेज की प्रधानाचार्य प्रो. मधु प्रभा सिंह के कुशल मार्ग दर्शन में यह कार्यक्रम संपन्न हुआ। प्रशिक्षक



रमेश ठाकुर ने बड़े ही सहज एवं व्यावहारिक ढंग से आपदा प्रबंधन, सुरक्षा, बचाव, प्राथमिक चिकित्सा आदि सभी पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की। उनकी टीम के द्वारा विभिन्न प्रकार के बचाव-मंत्र दिए गए। उन्होंने कहा- अग्नि सुरक्षा का मूल मंत्र है- रुको, लेटो और लुढ़को। भूकंप से बचाव का मूल मंत्र है - झुको, ढको और पकड़ो। अग्नि से बचने के लिए एक महत्त्वपूर्ण तरीका ये है कि भीगे हुए रूमाल से अपने मुंह को ढंक लें। दूसरों को बचाने से पहले ख़ुद को बचाना बेहद ज़रूरी है। CPR करने के सही तरीके का भी डेमो उनकी टीम के द्वारा दिया गया। प्रधानाचार्या प्रो. मधु प्रभा सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि अगर प्रत्येक विद्यार्थी 5 लोगों को भी अगर ट्रेंड कर दे तो बहुत बड़ी बात होगी। कार्यक्रम का संचालन एन.एस.एस के कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ.राकेश रंजन ने किया। धन्यवाद ज्ञापन प्रो. मधु पांडेय ने किया। इस मौके पर एनसीसी के ऑफिसर डॉ.चिरंतन कुमार, आईक्यूएसी के प्रभारी डॉ.संजय कुमार के अतिरिक्त महाविद्यालय के प्रो. गोपाल यादव, प्रो. रीता कुमारी, प्रो. शिवचंद्र सिंह, डॉ. आशुतोष कुमार, डॉ.चित्रलेखा, मो. फ़िरोज़ अंसारी, श्री शुभमय चौहान, डॉ. बिमलेश, डॉ. नित्या आदि उपस्थित थे।

# EC पहुंचा तेजस्वी की सभा में गाली देने का मामला

## NDA नेताओं ने की केस दर्ज करने की मांग, तेजस्वी बोले- बेवजह दे रहे तूल

एजेंसी, पटना।

जमुई में तेजस्वी यादव की सभा के दौरान चिराग पासवान की मां को गाली देने का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। गुरुवार को इसे लेकर NDA नेता चुनाव आयोग के ऑफिस पहुंचे। उन्होंने तेजस्वी के खिलाफ चुनाव आयोग से कार्रवाई की मांग की है। एनडीए की महिला नेत्रियों ने भाजपा की प्रदेश प्रवक्ता उषा विद्यार्थी के नेतृत्व में बिहार निर्वाचन विभाग पहुंचकर तेजस्वी यादव और उनके समर्थकों के खिलाफ एफआईआर करने की मांग की है। उषा विद्यार्थी ने कहा कि चुनाव अभी शुरुआती फेज में है और इस तरह की गंदी-गंदी गालियां माता और बहनों को दी जा रही हैं। आगे चलकर इसकी पुनरावृत्ति ना हो इसलिए भाजपा और तमाम सहयोगी पार्टी आज निर्वाचन



आयोग पहुंची है। ताकि जो लोग भी इस तरह का ओछी हरकत कर रहे हैं या फिर उनके समर्थक हो या खुद तेजस्वी प्रसाद यादव उन पर कड़ी कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए। इधर इस मामले में डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी समेत एनडीए के कई बड़े नेताओं ने प्रतिक्रिया दी है। सम्राट ने कहा है कि घटना में शामिल एक-एक को चुन कर कार्रवाई की जाएगी। वहीं, तेजस्वी यादव ने कहा कि मैंने वीडियो देखा है। मंच पर कोई ऐसी बात नहीं हो रही है। तेजस्वी ने कहा कि अगर यह बात मेरे कान तक आई होती तो मैं इसे खुद टॉलरेट नहीं करता। उन्होंने कहा कि इसे बात का बतंगड़ नहीं बनाना चाहिए। दरअसल, बुधवार को जमुई में तेजस्वी की सभा के दौरान पूर्व मंत्री विजय प्रकाश के सामने ही किसी ने चिराग पासवान और उनकी मां को लेकर कुछ अपशब्द कहे थे। इस दौरान विजय प्रकाश हाथ जोड़कर कार्यकर्ता को समझाते हुए भी दिखे। इसका वीडियो भी सामने आया है। इस मामले में चिराग पासवान ने बुधवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कहा कि मेरे सामने अगर कोई राबड़ी देवी और मीसा भारती के बारे में ऐसा बोलता तो मैं बर्दाश्त नहीं करता, लेकिन तेजस्वी ने कुछ नहीं कहा। इस दौरान वे काफी भावुक भी हो गए थे।

# गंगा में कूदे 3 लोगों की नहीं मिली जानकारी

एजेंसी, पटना।

पटना के आलमगंज थाना क्षेत्र के महावीर घाट पर सुसाइड की नीयत से गंगा में छलांग लगाए हुए तीन लोगों का 24 घंटे बाद भी कोई सुराग नहीं मिला है। गंगा नदी में एनडीआरएफ टीम के द्वारा सर्च ऑपरेशन चलाया गया। इसके बावजूद भी 24 घंटा से अधिक गुजर जाने के बाद भी कोई परिणाम सामने नहीं आया है।

आलमगंज थाना पदाधिकारी का कहना है कि अभी तक परिजनों के तरफ से कोई आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है। पुलिस इसे लेकर मामला संदिग्ध मान रही है बुधवार की सुबह आलमगंज थाना क्षेत्र के महावीर घाट के नजदीक स्थानीय लोगों ने एक बाइक, दो जोड़ा महिलाओं का चप्पल और एक सुसाइड नोट



देखा था। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना आलमगंज थाने को दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने महावीर घाट के नजदीक से एक मोटरसाइकिल, महिला का दो जोड़ा चप्पल और एक सुसाइड नोट बरामद किया था। इस मामले को लेकर आलमगंज थाना प्रभारी ने बताया कि सुसाइड नोट में आत्महत्या करने की नीयत से यह पत्र लिखा गया है। उन्होंने बताया कि पत्र लिखने वालों की पहचान नई सड़क, नवाब बहादुर रोड, पटना सिटी का प्रतीत हो रहा है।

# पटना में सड़क हादसे में 2 लोगों की मौत, डायवर्सन में गिरी बाइक

## शादी समारोह से लौटने के दौरान हुआ हादसा

एजेंसी, पटना।

पटना के गौरीचक में बुधवार की देर रात सड़क दुर्घटना में दो लोगों की मौत हो गई जबकि एक युवक घायल हो गए। घायल युवक को इलाज के लिए पास के नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया है, जबकि दोनों मृतक को पोस्टमार्टम के लिए नालंदा मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दी गई है। मृतक की पहचान नालंदा निवासी के रूप में हुई है, जो पटना के धनरूआ स्थित एक गांव में शादी समारोह में शामिल होने जा रहे थे। घटना के बाद मौके पर घंटो अफरा तफरी का माहौल बना रहा। घटना की पुष्टि करते हुए थाना प्रभारी ने बताया कि मामले की छानबीन की जा रही है। नालंदा निवासी मोटरसाइकिल सवार



तीन युवक आशुतोष कुमार 25 वर्ष, अंकित कुमार 30 वर्ष एवं अखिलेश कुमार अपनी मोटरसाइकिल से बुधवार की देर रात धनरूआ के एक गांव में शादी में शामिल होने जा रहे थे। इसी क्रम में जैसे ही दोनों गौरीचक थाना क्षेत्र के सर्फाबाद डायवर्सन के नजदीक पहुंचे हैं। तेज रफ्तार गाड़ी की वजह से मोटरसाइकिल के साथ तीनों डायवर्सन में गिर पड़े। बताया जा रहा है कि इस हादसे में दो युवकों की मौत घटनास्थल पर ही हो गई।

# गर्मी से ब्रेन हेमरेज...3 दिन में IGIMS में 10 भर्ती, AC से तुरंत धूप में ना निकलें, बिहार के 14 जिलों में लू का अलर्ट

एजेंसी, पटना।

अप्रैल का आधा महीना बीत चुका है। बिहार में गर्मी बढ़नी शुरू हो चुकी है। मौसम विभाग ने 18 से 21 अप्रैल तक 14 जिलों जमुई, नवादा, औरंगाबाद, पश्चिमी चंपारण, पूर्वी चंपारण, सीवान, गोपालगंज, बक्सर, कैमूर, रोहतास, शेखपुरा, खगड़िया, मुंगेर और बांका में हीट वेव यानी लू का यलो अलर्ट जारी किया है। गर्मी बढ़ने के साथ ही पटना में ब्रेन हेमरेज के मरीज सामने आ रहे हैं। पटना IGIMS में 3 दिनों में 10 लोग भर्ती हुए हैं। बुधवार को दो, मंगलवार को तीन और सोमवार को पांच मरीज भर्ती हुए। फिलहाल IGIMS में ब्रेन हेमरेज के 20 मरीजों का इलाज चल रहा है। डॉक्टर्स का कहना है कि ब्रेन हेमरेज अक्सर ठंड के दिनों में दिखाई देता है, लेकिन अब गर्मी में भी इसके केस सामने आ रहे हैं।



**मरीजों में 40 से 55 की उम्र वाले ज्यादाः** मेडिकल सुपरिंटेंडेंट सह उपनिदेशक डॉ. मनीष मंडल ने बताया कि गर्मी में इतने लोग ब्रेन हेमरेज से पीड़ित हो रहे हैं, इससे चिकित्सक भी हतप्रभ हैं। डॉ. मंडल की मानें तो एसी से तुरंत बाहर आने या फिर गर्मी से तुरंत एसी में जाने, बीपी की दवा छोड़ देने जैसे कारणों से गर्मी में ब्रेन हेमरेज के मामले आ रहे हैं। ऐसे मरीजों को आईसीयू और वेंटिलेटर की जरूरत पड़ रही है। इनमें 40 से 55 साल वालों की संख्या अधिक है। गर्मी में बीपी के मरीज के अलावा अन्य को सावधानी बरतने की जरूरत है। तुरंत एसी से धूप में नहीं जाएं या फिर धूप से तुरंत एसी में नहीं बैठें। बीपी की दवा नहीं छोड़ें, अगर चल रही है तो। चिकित्सक की सलाह के बिना दवा नहीं छोड़ें। मौसम विभाग के अनुसार राजस्थान से आ रही गर्म शुष्क पछुआ हवा अब झुलसाने लगी है। बुधवार को 28 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चली। जिसके कारण से गर्मी काफी अधिक महसूस हुआ।

**आज इन जिलों में बारिश की भी संभावनाः** पटना मौसम विभाग का कहना है कि एक साइक्लोनिक सर्कुलेशन उत्तर-पश्चिम बिहार पर बना है। इस कारण से आज सीतामढ़ी, मधुबनी, सुपौल, अररिया और किशनगंज जिले के एक-दो स्थानों में हल्की बारिश का भी पूर्वानुमान है। पटना मौसम विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक एसके पटेल ने बताया कि वायुमंडल के निचले स्तर पर आर्द्रता में कमी आई है।

# एईएस से निपटने को स्वास्थ्य विभाग तैयार डॉ हरेंद्र कुमार

चाणक्य भूमि बेतिया

लगातार बढ़ती गर्मी को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग चमकी बुखार से बचाव को पूरी तरह मुस्तैद है। जिले में चमकी बुखार से बचाव को लेकर लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से शाम, रात्रि में चौपाल लगाए जा रहें है। प्रखंड स्तर के पदाधिकारी, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, जीविका, आईसीडीएस के पदाधिकारीयों के द्वारा बैठक की जा रहीं है। जिले के वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉ हरेंद्र कुमार ने कहा कि लोगों को चमकी बुखार के लक्षण एवं इससे बचाव की जानकारी होनी बहुत आवश्यक है। उन्होंने बताया कि सरकारी अस्पताल में चमकी को लेकर स्पेशल वार्ड एवं बेड बनाए गए है। डॉ हरेंद्र कुमार ने जानकारी देते हुए कहा की अभी तक जिले में एक भी जेई /ए ईएस के मरीज प्रतिवेदित नहीं हुए हैं यह सुखद है परंतु भीषण गर्मी को देखते हुए आशंका बनी हुई है और उसके समाधान की व्यवस्था जिला स्तर से की जा रही है। किसी भी आकस्मिकता की स्थिति से



- अलर्ट मोड में है जिले के अस्पताल , कड़ी धूप में खेलने से बचें, रात्रि में बच्चों को खाली पेट न सोने दे माता-पिता

निपटने के लिए सभी तरह की व्यवस्था जिला स्तर से की जा रही है सभी पीएससी तथा अनुमंडलीय अस्पताल में 104 एंबुलेंस नंबर को डिस्प्ले कर दिया गया है मुख्यमंत्री ग्रामीण परिवहन योजना के द्वारा जिन गाड़ियों की सूची है उसको भी संपर्क संख्या के साथ सभी पीएचसी तथा अनुमंडलीय अस्पताल में डिस्प्ले किया गया है। जिले के डीभीडीसीओ डॉ हरेंद्र कुमार ने कहा की जिले के अधिकारीयों के द्वारा पीएचसी, अनुमंडलीय अस्पताल, जीएमसीएच के चमकी वार्ड एवं बेड, चिकित्सक, दवाओं के उपलब्धता की लगातार मॉनीटरिंग की जा रहीं है,भीबीडीएस प्रकाश कुमार एवं सुजीत कुमार ने बताया की दलित एवं ग्रामीण बस्तियों में चौपाल लगाकर में लोगों को मस्तिष्क ज्वर के लक्षण की पहचान एवं इससे बचाव के उपाय की जानकारी दी जा रहीं है । वहीं प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधक, प्रखंड सामुदायिक उत्प्रेरक द्वारा चमकी पर बैठक करने के साथ ही आशा फैसिलिटेटर ,आशा,आंगनबाड़ी कार्यकर्ता द्वारा चौपाल लगाने व जागरूकता में सहयोग किया जा रहा है.1 जिले के सिविल सर्जन डॉ श्रीकांत दुबे ने बताया की चमकी से बचाव का सबसे बड़ा हथियार जागरुकता है,उन्होंने बताया की बच्चों को रात में खाली पेट ना सुलाएं और किसी प्रकार की दिक्कत होने पर सीधे सरकारी अस्पतालों में लेकर जाएं । किसी प्रकार की ऐसी परेशानी होने पर देर ना करें। चमकी के लक्षण दिखाई पड़ने पर तुरंत नजदीकी सरकारी अस्पताल ले जाएं। उन्होंने बताया ज्यादा गर्मी पड़ने पर औऱ अधिक सावधानी बरतने की जरूरत है, बच्चे बेवजह धूप में घर से न निकलें, गन्दगी से बचें, कच्चे आम, लीची व कीटनाशकों से युक्त फलों का सेवन न करें।

# रामनवमी के अवसर पर भव्य शोभायात्रा का आयोजन



चाणक्य भूमि बेतिया

रामनवमी के उपलक्ष्य में हर साल की भाँति इस साल भी राम जन्मोत्सव शोभा यात्रा समिति के तत्वावधान में विशाल शोभा यात्रा का आयोजन किया गया। समिति के अध्यक्ष झूलन साहू ने बताया कि लगातार दस वर्षों से लगातार यह आयोजन किया जा रहा है। यह शोभायात्रा काली बाग मंदिर से निकलकर नया बाजार,राजगुरु चौक चर्च रोड लाल बाजार तीन लालटेन चौक सोवा बाबु चौक होते हुये काली बाग मंदिर के प्रांगण में समाप्त हुई। जहां भक्तों के लिये प्रसाद की वयवस्था थी। उन्होंने इस आयोजन के लिये अपने सहयोगियों के साथ-साथ जिला प्रशासन का भी साधुवाद किया। उन्होंने बताया कि बिना उनके सहयोग के इस विशाल शोभायात्रा के सफलतापूर्वक आयोजन संभव नहीं था। उन्होंने यह भी कहा कि सभी साथियो ने इस आयोजन को सफल बनाने में जी तोड़ मेहनत की है। उन्होंने कार्यक्रम में जी जान से मेहनत करने वाले अपने सहयोगियों बिहारी लाल श्रीवास्तव सुरेश रौनीयार हिमांशु साहू मुन्ना बरनवाल उदय श्रीवास्तव अभिषेक सर्राफ आदित्य मुकेश सूरज ऋषि आदित्य राज समेत अन्य सभी सदस्यों के सहयोग की भूरी भूरी प्रशंसा की जिनके सहयोग से वो प्रभु राम के इतने बड़े कार्यक्रम को सफ़लता पूर्वक अंजाम दे पाये।

# मोतिहारी मीना बाजार में अवैध निर्माण पर अपर समाहर्त्ता का सख्त आदेश

चाणक्य भूमि मोतिहारी

मोतिहारी शहर के ह्रदय स्थली मीना बाजार स्थित खास महाल की आवंटित दुकानो की पैमाईश कर सर्वेक्षण सूची उपलब्ध कराने का निर्देश अपर समाहर्त्ता, पूर्वी चम्पारण ने अंचल अधिकारी सदर मोतिहारी को निर्देश दिया है।जानकारी के अनुसार जिले के अपर समाहर्त्ता ने विभागीय पत्र द्वारा आदेश दिया है की उक्त स्थल पर राजस्व कर्मचारी एवं सरकारी चयनित अमीन द्वारा सर्वेक्षण टीम गठित कर मीना बाजार स्थित खास महाल की भूमि पर आवंटित दुकानों का सर्वे कर भूमि का पैमाईश एवं अवैध दुकानदारों तथा लीजधारी दुकानदारों से संबंधित चौहदी धारित रकबा (धुर, डी० एवं वर्ग फीट) सहित प्रतिवेदन अविलम्ब उपलब्ध कराने का निदेश दिया गया है।वहीं उन्होंने स्पष्ट रूप से चेतावनी देते हुए कहा की बाजार के कई दुकानो का लीज / किराया निर्धारण लंम्बित है। अतः अविलम्ब सर्वेक्षण अधोहस्ताक्षरी को उपलब्ध कराया



- अपर समाहर्त्ता द्वारा मीना बाजार की आवंटित दुकानो की पैमाईश कर सर्वेक्षण सूची तुरंत उपलब्ध कराने का निर्देश अंचल अधिकारी को दिया। पार्षद प्रतिनिधि आजम रशीद कुरैशी, राजद नेता इमाम हुसैन ने कहा की आदेश के बावजूद अबतक अंचलाधिकारी के माध्यम से कारवाई नहीं कराया गया है, जो सरकारी कार्य के उदासीनता, एवं लापरवाही का द्योतक है

जाय, ताकि दुकानों का लीज / किराया निर्धारण किया जा सके। खास महाल की भूमि पर आवंटित दुकानों का सर्वे कर भूमि की पैमाईश एवं अवैध दुकानदारों तथा लीज भारी दुकानदारों से संबंधित चौहदी धारित रकबा( धुर डी०/वर्गफीट) का प्रतिवेदन अविलंब समर्पित करने का आदेश के बाद से अवैध खरीद बिक्री करने वालों में भय व्याप्त है।

# प्लस टू भवन के निर्माण पर ग्रामीणों ने जताई आपत्ति

चाणक्य भूमि

**छोराही बेगूसराय।** प्लस टू भवन के निर्माण कार्य पर ग्रामीणों ने जताई आपत्ति। विद्यालय परिसर के अस्तित्व खत्म होने से आशंकित हैं ग्रामीण। अधिकारियों से गुहार लगाकर विशेष पहल का किया अनुरोध। उत्क्रमित उच्चतर प्लस टू माध्यमिक विद्यालय पारमालपुर का है मामला। शिक्षा विभाग ग्रामीण इलाकों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए टेंडर निकाल प्लस टू के भवन व चहारदीवारी निर्माण करवा रही है। जिससे कि ग्रामीण परिवेश में रहने वाले छात्र-छात्राओं को इंटरमीडिएट तक की पढ़ाई के लिए दूर-दराज नहीं जाना पड़े। इस बीच मालपुर पंचायत के उत्क्रमित उच्चतर प्लस टू माध्यमिक विद्यालय पारमालपुर परिसर में भवन निर्माण के आरंभ होने के साथ ही ग्रामीणों ने आपत्ति जाहिर कर दी। ग्रामीणों का आरोप है कि संवेदक व विद्यालय प्रबंधन विद्यालय परिसर के बीचों-बीच तेजी से भवन निर्माण की कवायद में जुट चुके हैं। जिससे निकट भविष्य में विद्यालय परिसर का अस्तित्व समाप्त हो जायेगा और खेलकूद, प्रार्थना व अन्य गतिविधियों के साथ-साथ छात्र-छात्राओं व शिक्षकों को साइकिल व बाइक लगाने में कठिनाई उत्पन्न होगी। स्थानीय ग्रामीण दुर्गा यादव, संजीत कुमार महतो, विजय कुमार, पिंटु यादव, सागर यादव आदि ने बताया कि विद्यालय परिसर के पश्चिम, उत्तर व दक्षिण दिशा में पूर्व से विद्यालय के भवन बने हुए हैं जबकि पूरब दिशा में एक धार्मिक मंदिर बना हुआ है। इसके बावजूद बिना योजना प्राक्कलन का बोर्ड लगाए जोर-शोर से जेसीबी व ट्रैक्टर से विद्यालय परिसर की खुदाई की जा रही है। ग्रामीणों ने बताया कि एक सप्ताह पूर्व भी अन्यत्र भूमि उपलब्ध होने तक संवेदक व विद्यालय प्रबंधन से एक महीने का समय मांगा गया तब तत्काल काम बंद कर दिया गया। इस बीच ग्रामीण भूमि खरीदने के लिए चंदा-चुटकी इकट्ठा करते कि पुनः बुधवार से विद्यालय परिसर की खुदाई आरंभ कर दी गयी। बताया गया कि एक बुद्धिजीवी भूमि दान देने के लिए तैयार भी हुये लेकिन कुछ कतिपय लोगों ने उन्हें हरका दिया। ग्रामीणों को चिंता सता रही है कि अगर विद्यालय परिसर में भवन निर्माण हो गया तो तीनों दिशाओं में अवस्थित पूर्व में बने भवन के कमरों में हवा व रोशनी की विकट समस्या उत्पन्न होगी। जिसका खामियाजा पूर्व में बनें भवनों में अध्ययन कर रहे छात्र-छात्राओं सहित शिक्षकों को भी भुगतना पड़ेगा। जिसके बावत ग्रामीणों ने सरकारी गाइडलाइन के अनुसार प्लस टू भवन के निर्माण व विद्यालय परिसर के अस्तित्व को बचाने की गुहार अधिकारियों से लगायी है।

**बोले बीईओ....** इस संदर्भ में बीईओ नौशाद अहमद ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है। ये बात सही है कि स्थानीय ग्रामीण अन्यत्र भूमि उपलब्ध कराने का समय मांगा था। चूंकि संवेदक को भी विभाग से तय समय पर भवन निर्माण कार्य पूर्ण करने की बाध्यता होती है। काफी समय बीतने के बावजूद भूमि उपलब्ध नहीं होने की परिस्थिति में कार्य शुरू किया गया है। ग्रामीणों की शिकायत पर स्थल निरीक्षण कर वरीय अधिकारियों को सूचित किया जायेगा।

### नामांकन व आशीर्वाद सभा को लेकर एनडीए नेताओं ने किया भ्रमण

चाणक्य भूमि

एनडीए प्रत्याशी गिरिराज सिंह के नामांकन की प्रस्तावित तिथि को लेकर गुरुवार को बैठकों का दौर जारी रहा। इस अवसर पर एनडीए घटक दलों के नेता व कार्यकर्ता गांव-गांव भ्रमण कर कार्यक्रम की रूपरेखा पर विचार-विमर्श किया। गौरतलब है कि आज एनडीए के प्रत्याशी डीएम के समक्ष अपनी नामजदगी का पर्चा दाखिल करेगें। जिसको लेकर भाजपा नेता रामकुमार वर्मा, मंडल अध्यक्ष संजीव कुमार यादव, धर्मेंद्र प्रसाद सिंह, लोजपा (आर) के प्रखंड अध्यक्ष कैलाश पासवान, जदयू नेता सीताराम ठाकुर, रामनरेश आजाद आदि नामांकन कार्यक्रम व आशीर्वाद सभा में शामिल होने के लिए लोगों से अपील करते देखे गये।

# सड़क दुर्घटना में पूजा कर लौट रहे दंपती घायल

चाणक्य भूमि

वाल्मीकिनगर से मां नर देवी मंदिर से पूजा अर्चना कर लौटने के क्रम में गुरूवार की दोपहर बाईक सवार दंपति दरुवाबारी पुल के नजदीक दुर्घटनाग्रस्त हो गए। घायल दंपति की पहचान बैरिया गांव निवासी सत्यनारायण महतो और उनकी पत्नी विमलावती देवी के रूप में हुई है। घायल दंपति को ग्रामीणों के सहयोग से एक निजी क्लीनिक में प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर उपचार के लिए हरनाटांड़ ले जाया गया है। घायल



सत्यनारायण महतो ने बताया कि मंदिर से पूजा आर्चना कर लौट रहे थे। तभी सामने से आ रही बाइक से बचने के क्रम में मोड पर बाइक दुर्घटनाग्रस्त हो गई। दुर्घटना में महिला विमलावती देवी को हल्की चोटें आई है।

# वीटीआर में नरदेवी मंदिर मार्ग पर भालू निकलने से लोगों में भय

चाणक्य भूमि

वीटीआर से सटे आबादी वाले इलाको में एक बार फिर भालू की चहलकदमी बढ़ गई है। भालू को देखते ही राहगीरों में भगदड़ मच रही है। सूचना पर वाल्मीकिनगर रेंजर के द्वारा भालू की निगरानी हेतु वनकर्मियों की टीम को ड्यूटी पर लगा दिया गया है। ग्रामीणों ने बताया कि गुरुवार की सुबह नरदेवी मंदिर मार्ग पर अचानक भालू नजर आया। इस दौरान श्रद्धालुओ के बीच अफरातफरी मच गई। लोग काफी देर रुककर भालू की जाने का इंतजार करते रहे। कुछ समय बाद जब श्रद्धालुओ ने एकजुट होकर शोर मचाना शुरू किया, तब जाकर भालू



सड़क पार करके जंगल के अंदर भाग गया। इसके बाद लोगों ने किसी तरह राहत की सांस ली और सड़क पर आवाजाही फिर से शुरू हुई। इस बाबत रेंजर राजकुमार पासवान ने बताया कि वीटीआर वन्यजीवों का घर है। वन्य जीव मानव बस्तियों की ओर भी रुख कर रहे हैं। ग्रामीणों से सजग व सतर्क रहना की अपील की गई है।

# विरासत को बचाने के लिए लोगों में जागरूकता पैदा करना अत्यंत आवश्यक है

चाणक्य भूमि

विश्व विरासत दिवस के अवसर पर बेगूसराय संग्रहालय द्वारा आयोजित हेरिटेज वॉक एवं धरोहर संरक्षण जागरूकता कार्यशाला की अध्यक्षता करते हुए भारद्वाज गुरुकुल के निदेशक डॉ शिव प्रकाश भारद्वाज ने उपस्थित छात्र छात्राओं को अपने पुरखों की थाती को जानने एवं उन्हें संरक्षित करने का आह्वान किया। डा भारद्वाज ने विरासत एवं उनके महत्व पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए बताया कि विश्व विरासत दिवस का आयोजन उन्होंने बताया कि संग्रहालयाध्यक्ष डा शिव कुमार मिश्र के नेतृत्व में आमलोगों एवं बच्चों में धरोहर के प्रति जागरूकता पैदा करने हेतु अभियान चलाया जाएगा।उनके अनुसार संग्रहालय हमारा सांस्कृतिक धरोहर है जहां हमारे क्षेत्र के धरोहर संगृहीत हैं ।नयी पीढ़ी को समय समय पर इसका अवलोकन करने की आवश्यकता है। बच्चों के लिए मनोरंजन की भी सूविधा है।डा भारद्वाज के नेतृत्व में भारद्वाज गुरुकुल से बेगूसराय संग्रहालय तक एक विरासत यात्रा का भी आयोजन किया गया। कार्यशाला में मुख्य रिसोर्स पर्सन के रूप में संबोधित करते हुए जी. डी. कालेज, बेगूसराय के प्राचीन भारतीय इतिहास, संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग के एसिस्टेंट प्रोफेसर डॉ अनिल कुमार ने विरासत के संरक्षण के विषय में विस्तार से प्रतिभागियों को प्रशिक्षित किया। डा कुमार ने प्रतिभागियों को संग्रहालय के सामग्रियों से परिचय कराते हुए उनके महत्व एवं उनके संरक्षण की जरूरत एवं उपाय के तौर तरीकों के विषय में विस्तार से जानकारी प्रदान की। डा कुमार ने बताया कि बेगूसराय जिला के पुरास्थलों एवं प्राचीन मूर्तियों को संरक्षित एवं सुरक्षित रखने के लिए समाज के लोगों को प्रयास करना होगा अन्यथा एक एक कर सभी पुरास्थल नष्ट हो जायेंगे तथा मूर्तियों को भी गायब कर दिए जायेंगे। उन्होंने प्रतिभागियों से आग्रह किया कि अपने आसपास के लोगों को भी अपनी धरोहरों के प्रति जागरूक किया जाय। रिसोर्स पर्सन के रूप में संबोधित करते हुए को- ओपरेटिव कालेज बेगूसराय के एसिस्टेंट प्रोफेसर डॉ कुमारी रंजना ने बेगूसराय जिला के पुरास्थलों एवं मंदिरों में रखी हुई प्राचीन मूर्तियों के अलावा संग्रहालय की सामग्रियों, पांडुलिपियों, प्राचीन सिक्कों, मृण्मूर्तियों आदि के विषय मेंमें प्रतिभागियों को प्रशिक्षित किया। डा रंजना ने प्राचीन लिपि कैथी लिपि के महत्व, उसकी उपयोगिता तथा उसके प्रशिक्षण के विषय में विस्तार से जानकारी प्रदान की। कार्यशाला का संचालन एवं आगंतुकों का स्वागत संग्रहालयकर्मी अमिताभ मिश्र द्वारा किया गया। कार्यशाला में भारद्वाज गुरुकुल के आस्था कुमारी , दीक्षा भारती,ज्योति प्रकाश, आलोक रंजन, अमित कुमार, अंकित कुमार सहित अन्य छात्र छात्राओं के अलावा एस बी एस एस कालेज, बेगूसराय के अभिमन्यु कुमार, बिट्टू कुमार, कौशल कुमार, गुलशन कुमार, खुशबू,साक्षी सहित अन्य छात्र छात्राएं तथा राजकीयकृत जे के प्लस टू विद्यालय की शिक्षिका गरिमा कुमारी, शालिनी कुमारी के अलावा नितीश कुमार ,आयुश कुमार, मुस्कान खातून, सुप्रिया, संगीता सहित बड़ी संख्या में प्रतिभागियों द्वारा भाग लिया गया।


































स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक अजीत कुमार सिन्हा उर्फ अजीत कुमार द्वारा शिखा प्रिंटिंग प्रेस वास्ते अनिशा डिजिटल प्रिंटर्स द्वारा मुद्रित एवं प्रकाशित ।
किसी भी वाद-विवाद का निपटारा न्यायिक क्षेत्र बेतिया में होगा । सम्पादकिय कार्यालय : नया बाजार, बेतिया, प0 चम्पारण-845438, कार्यकारी सम्पादक : मनिष कुमार, मो0-9472494714